(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

# सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः*vidyabhartibpl@gmail.com*

*www.vidyabhartimp.org*

**परिपत्र क्रमांक : 01/2019-20** **दिनांक-10/07/2019**

**प्रति,**

**श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य महोदय,**
**समस्त सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर,**
**मध्यभारत प्रान्त।**

**प्रिय बन्धुवर/भगिनी**

सादर नमस्कार।

प्रभु कृपा से आप स्वस्थ, सकुशल होंगे। ग्रीष्मावकाश के उपरान्त 15 जून से पुनः विद्यालय नये उत्साह एवं योजनाओं के साथ प्रारम्भ हो गए हैं। आप सभी कार्यकर्ताओं को नवीन शैक्षिक सत्र की हार्दिक शुभकामनाएँ। परिपत्र के माध्यम से प्रान्त के विषय आपकी ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है।

## 1. बोर्ड परीक्षा परिणाम 2018

### (अ) सत्र 2018-19 का परीक्षा परिणाम-(10वीं)

| क्र. | विद्यालय का नाम | कुल पंजीकृत भैया/बहिनों की संख्या | | | 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले भैया बहिनों की संख्या | | | 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले भैया बहिनों की संख्या | | | 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले भैया बहिनों की संख्या | | | प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र संख्या | द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र संख्या | तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र संख्या | पूरक छात्र संख्या | अनुत्तीर्ण छात्र संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भैया की संख्या | बहिनों की संख्या | कुल योग | भैया की संख्या | बहिनों की संख्या | कुल योग | भैया की संख्या | बहिनों की संख्या | कुल योग | भैया की संख्या | बहिनों की संख्या | कुल योग | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 1 | ग्वालियर | 695 | 373 | 1068 | 58 | 58 | 116 | 125 | 89 | 214 | 279 | 149 | 428 | 758 | 177 | 15 | 50 | 68 |
| 2 | शिवपुरी | 382 | 161 | 543 | 21 | 12 | 33 | 60 | 30 | 90 | 169 | 60 | 229 | 352 | 78 | 0 | 52 | 61 |
| 3 | राजगढ़ | 1107 | 584 | 1691 | 44 | 35 | 79 | 148 | 143 | 291 | 450 | 240 | 690 | 1060 | 280 | 2 | 139 | 210 |
| 4 | भोपाल | 676 | 539 | 1215 | 24 | 42 | 66 | 74 | 108 | 182 | 261 | 235 | 496 | 744 | 206 | 3 | 84 | 178 |
| 5 | नर्मदापुरम् | 693 | 408 | 1101 | 25 | 35 | 60 | 82 | 91 | 173 | 260 | 178 | 438 | 671 | 200 | 23 | 70 | 137 |
| | **योग** | **3553** | **2065** | **5618** | **172** | **182** | **354** | **489** | **461** | **950** | **1419** | **862** | **2281** | **3585** | **941** | **43** | **395** | **654** |

**हाईस्कूल शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम -**

1. सरस्वती विद्या मंदिर उच्च मा.वि. सिद्धेश्वर नगर, ग्वालियर
2. सरस्वती विद्या मंदिर उच्च मा.वि. गौशाला गुना जिला गुना
3. सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. भारती निकेतन, भोपाल



E:\Patil July18-19 \Paripatra

## (ब) सत्र 2017-18 का परीक्षा परिणाम-(12वीं)

| क्र. | विद्यालय का नाम | कुल पंजीकृत भैया/बहिनों की संख्या | | | 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले भैया बहिनों की संख्या | | | 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले भैया बहिनों की संख्या | | | 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले भैया बहिनों की संख्या | | | प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र संख्या | द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र संख्या | तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र संख्या | पूरक छात्र संख्या | अनुत्तीर्ण छात्र संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भैया की संख्या | बहिनों की संख्या | कुल योग | भैया की संख्या | बहिनों की संख्या | कुल योग | भैया की संख्या | बहिनों की संख्या | कुल योग | भैया की संख्या | बहिनों की संख्या | कुल योग | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 1 | ग्वालियर | 326 | 171 | 497 | 8 | 6 | 14 | 55 | 37 | 92 | 132 | 76 | 208 | 314 | 83 | 13 | 36 | 51 |
| 2 | शिवपुरी | 208 | 60 | 268 | 3 | 1 | 4 | 50 | 18 | 68 | 117 | 38 | 155 | 227 | 28 | 0 | 5 | 8 |
| 3 | राजगढ़ | 525 | 374 | 899 | 3 | 2 | 5 | 50 | 52 | 102 | 219 | 214 | 433 | 540 | 150 | 7 | 85 | 117 |
| 4 | भोपाल | 530 | 438 | 968 | 1 | 11 | 12 | 50 | 93 | 143 | 268 | 229 | 497 | 652 | 182 | 5 | 71 | 58 |
| 5 | नर्मदापुरम् | 525 | 380 | 905 | 7 | 13 | 20 | 86 | 86 | 172 | 256 | 193 | 449 | 641 | 161 | 12 | 38 | 53 |
| | **योग** | **2114** | **1423** | **3537** | **22** | **33** | **55** | **291** | **286** | **577** | **992** | **750** | **1742** | **2374** | **604** | **37** | **235** | **287** |

### हायर सेकण्डरी शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम-

1. सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. इकलेरा जिला राजगढ़
2. सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. सिलवानी, जिला रायसेन
3. सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. गोपालपुर, रायसेन
4. सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. होशंगावाद
5. सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. गोविन्दनगर, जिला होशंगावाद
6. सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. भारतभारती, जिला बैतूल

## (स) उच्च माध्यमिक परीक्षा परिणाम प्रदेश प्रावीण्य सूची कक्षा 10वीं

| क्र. | नाम | पिता का नाम | कक्षा | विद्यालय का नाम | प्राप्तांक पूर्णांक 500 में से | प्रावीण्य सूची में स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कु. ज्योति सेन | श्री रामकिशोर सेन | 10वी | सरस्वती विद्या मंदिर हाईस्कूल भितरवर, ग्वालियर | 491 | आठवां |
| 2 | कु. निहारिका मलैया | श्री हरिशंकर | 10वी | सरस्वती उ.मा.वि., ईटारसी, होशंगाबाद | 489 | दसवां |

## (द) उच्चतर माध्यमिक परीक्षा परिणाम प्रदेश प्रावीण्य सूची कक्षा 12वीं

| क्र. | नाम | पिता का नाम | कक्षा | विद्यालय का नाम | प्रदेश में स्थान | समूह |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री भोला रघुवंशी | श्री रतनसिंह | 12वी | सरस्वती विद्यामंदिर, अशोकनगर | आठवां | (विज्ञान-गणित) समूहूह |
| 2 | श्री आदित्य सोनी | श्री प्रदीप सोनी | 12वी | सरस्वती विद्यामंदिर उ.मा.वि.., भरतगढ़, दतिया | नौवा | (विज्ञान-गणित) समूहूह |
| 3 | श्री तन्मय श्रीवास्तव | श्री राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव | 12वी | सरस्वती विद्यामंदिर उ.मा.वि.., भरतगढ़, दतिया | नौवा | (विज्ञान-गणित) समूहूह |
| 4 | कु. चेतना राजपूत | श्री गोपाल सिंह | 12वी | सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि., हरदा | चौथा | (विज्ञान जीव) समूहूह |



E:\Patil July18-19 \Paripatra

## 2. कक्षा पंचमी एवं अष्टमी प्रान्त प्रावीण्य सूची (2018-19)

### कक्षा पंचमी

| क्र | भैया– बहिन का नाम/ पिता नाम | विद्यालय का नाम | जिला | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रावीण्य सूची में स्थान | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बहिन कुमकुम नागर /श्री रामबाबू नागर | छापीहेडा राजगढ़ | राजगढ़ | 496 | 500 | पहला | 99.2 |
| 2 | भैया केशव गुप्ता /श्री रामेश्वर गुप्ता | छापीहेडा राजगढ़ | राजगढ़ | 493 | 500 | दूसरा | 98.6 |
| 3 | भैया मोहित कुशवाह / श्री भारत सिंह कुशवाह | छापीहेडा राजगढ़ | राजगढ़ | 492 | 500 | तीसरा | 98.4 |
| 4 | बहिन कर्णिका गुप्ता / श्री दीपक गुप्ता | मुड़ियन का कुआ दतिया | दतिया | 490 | 500 | चौथा | 98 |
| 5 | बहिन अदिति चौहान /श्री बलवीर चौहान | छापीहेडा राजगढ़ | राजगढ़ | 487 | 500 | पांचवां | 97.4 |
| 6 | भैया– अशोक दांगी /श्री रामप्रसाद दांगी | छापीहेडा राजगढ़ | राजगढ़ | 486 | 500 | छठवां | 97.2 |
| 7 | बहिन सृष्टि शर्मा/ श्री महेन्द्र शर्मा | भाण्डेर | दतिया | 485 | 500 | सातवां | 97 |
| 8 | बहिन अंशिका द्विवेदी /श्री संजीव द्विवेदी | भाण्डेर | दतिया | 484 | 500 | आठवां | 96.8 |
| 9 | भैया शनि राजपूत /श्री मनोहर सिंह | जैन कालोनी बैरसिया | भोपाल | 484 | 500 | आठवां | 96.8 |
| 10 | बहिन आकृति चौहान / श्री ध्रुव चौहान | शिवाजी नगर भोपाल | भोपाल | 483 | 500 | नवा | 96.6 |
| 11 | बहिन रिमझिम सेन / श्री जितेन्द सेन | छापीहेडा राजगढ़ | राजगढ़ | 483 | 500 | नवा | 96.6 |
| 12 | भैया विशाल कुशवाह / श्री जयनारायण | लहार | भिण्ड | 482 | 500 | दसवां | 96.4 |
| 13 | बहिन मुस्कान पटेल /श्री प्रमोद पटेल | सोहागपुर | होशंगाबाद | 482 | 500 | दसवां | 96.4 |

### कक्षा अष्टमी

| क्र | भैया– बहिन का नाम/ पिता नाम | विद्यालय का नाम | जिला | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रावीण्य सूची में स्थान | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बहिन भावना प्रजापति /श्री रामबाबू प्रजापति | विजय भवन राजगढ़ | राजगढ़ | 584 | 600 | पहला | 97.33 |
| 2 | भैया रितिनलोधी /श्री रामचरन लोधी | मुंगावली | शिवपुरी | 578 | 600 | दूसरा | 96.33 |
| 3 | बहिन श्रुति सावले / श्री अनिल सावले | शिवाजी नगर भोपाल | भोपाल | 578 | 600 | दूसरा | 96.33 |
| 4 | बहिन पायल पाटीदार / श्री राकेश पाटीदार | छापीहेडा राजगढ़ | दतिया | 577 | 600 | तीसरा | 96.17 |
| 5 | भैया–कृष्णगोपाल शिल्पकार /श्री अशोक कुमार | आलमपुर | भिण्ड | 577 | 600 | तीसरा | 96.17 |
| 6 | भैया– दवराज दांगी /श्री बद्रीलाल दांगी | छापीहेडा राजगढ़ | राजगढ़ | 576 | 600 | चौथा | 96.00 |
| 7 | बहिन अंजली गिरी/ श्री इन्द्रजीत गिरी | शिवाजी नगर भोपाल | भोपाल | 575 | 600 | पांचवां | 95.83 |
| 8 | भैया हरीकुर्मी /श्री मनोजकुर्मी | पठारी | विदिशा | 573 | 600 | छठा | 95.50 |
| 9 | बहिन प्रत्यांशा त्रिपाठी / श्री जानकी शरण त्रिपाठी | भाण्डेर | दतिया | 573 | 600 | छठा | 95.50 |
| 10 | भैया ललित वर्मा / श्री शंकर लाल वर्मा | छापीहेडा राजगढ़ | राजगढ़ | 571 | 600 | सातवां | 95.17 |
| 11 | भैया विवेक साहू / श्री प्रवीण साहू | अशोक नगर | अशोक नगर | 569 | 600 | आठवां | 94.83 |
| 12 | बहिन पलक पुरोहित / श्री संजय पुरोहित | भरतगढ़ | दतिया | 568 | 600 | नवा | 94.67 |
| 13 | बहिन मोनिका साहू /श्री रामचरण साहू | मुंगावली | शिवपुरी | 567 | 600 | दसवां | 94.50 |

पंचमी, अष्टमी, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी, प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले समस्त प्रतिभावान भैया-बहिनों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

## 3. वृक्षारोपण कार्यक्रमः 16 जुलाई से 01 अगस्त तक

वृक्षारोपण अभियान विद्यालय परिसर, धार्मिक स्थल, सार्वजनिक स्थल आदि का चयन कर आगामी 16 जुलाई से 01 अगस्त के बीच वृक्षारोपण करना। इस कार्यक्रम को समाजव्यापी बनाना अधिक से अधिक लोगों का सहयोग लेकर वृक्षारोपण में सहभागी बनाना। साथ ही लगाए गए पौधों की सुरक्षा, पानी, खाद आदि व्यवस्था सुनिश्चित करना। यह कार्यक्रम औपचारिकता बनकर न रह जाए, अपितु पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों में जागरूकता व दायित्व बोध जागृत करना। इससे संबंधित कोटेशन/चित्रकला/ सांस्कृतिक भाषण जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित कर वातावरण बनाना।



E:\Patil July18-19 \Paripatra

## 4. आचार्य एवं प्राचार्य/प्रधानाचार्य आत्मकथ्य

संस्था में कार्यरत समस्त आचार्य परिवार का आत्मकथ्य निर्धारित प्रारूप में पूर्ति कर संस्था प्रमुख के अभिमत के साथ व्यक्तिगत नस्ति में लगाना। इसी प्रकार प्राचार्य, प्रधानाचार्य बंधु-बहिनों का आत्मकथ्य तैयार कर अपने व्यवस्थापक का अभिमत पत्र संलग्न कर प्रांत को भेजना सुनिश्चित करे अधिकांशतः बंधुओं के प्रान्त में प्राप्त हो चुके हैं। आगामी सत्र में यह प्रक्रिया 30 अप्रैल तक पूर्ण करना अपेक्षित है।

## 5. विद्यालय एवं प्रधानाचार्य वार्षिक कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन

स्थानीय एवं प्रान्तीय अपेक्षानुसार विद्यालय का योजनाबद्ध, क्रमिक विकास हो इस दृष्टि से विद्यालय के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सहयोग से वर्षभर की शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की व्यावहारिक वार्षिक कार्ययोजना तैयार करना। जिसमें विद्याभारती के समस्त आयाम एवं गतिविधियों को स्थान मिले।

यदि संभव हो तो विद्यालय वार्षिक योजना का मुद्रण कराकर अभिभावक, आचार्य, समिति परिवार को उपलब्ध कराना चाहिए। कार्ययोजना की एक प्रति विभाग समन्वयक एवं एक प्रति प्रान्त कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें। प्रधानाचार्य दैनंदिनी, आचार्य दैनंदिनी एवं छात्र दैनंदिनी का उपयोग अपने विद्यालय में सुनिश्चित करें। इस सत्र में प्रान्तीय प्राचार्य/प्रधानाचार्य अभ्यास वर्ग 5 जून 2019 से 10 जून 2019 तक इनके व्यवहारिक क्रियान्वयन की दृष्टि से आयोजित किया गया था।

## 6. छात्र समूह बीमा

संस्था में अध्ययनरत भैया/बहिनों की सुरक्षा व जोखिम को ध्यान में रखकर समस्त छात्र-छात्राओं को सूचीबद्ध कर छात्र समूह बीमा बीमा कम्पनियों से करवाना उचित होगा। स्थानीय अभिकर्ताओं से सम्पर्क कर विस्तार से जानकारी प्राप्त कर सकते है। भविष्य में छात्रों के साथ होने वाली असामयिक घटना/दुर्घटना में विद्यालय के माध्यम से सम्बन्धित परिवार को सहयोग किया जा सके। 31 जुलाई की प्रवेश स्थिति के आधार पर छात्र बीमा अगस्त माह में कराना सुनिश्चित करें।

## 7. शारदा प्रकाशन न्यास

विद्याभारती योजना एवं वैचारिक साहित्य शारदा प्रकाशन पर उपलब्ध है। अपने विद्यालयों में लगने वाली स्टेशनरी, शिशु कक्षा पुस्तकें, हिन्दी, अंग्रेजी सुलेख, चित्रकला, वैदिक गणित, विज्ञान किट, कक्षा पुस्तकालय, शिशु कक्षा भैया/बहिन गणवेश, गुरूवार गणवेश, आचार्य वेश आदि उपलब्ध है।

अपने विद्यालय की मांग संख्या अनुसार साहित्य शारदा प्रकाशन से ही क्रय करना। अन्य प्रकाशन का साहित्य/पुस्तकें अपने विद्यालयों में चलाना अपेक्षित नहीं है। यह अनुशासनहीनता है।

## 8. पूर्व छात्र परिषद

संस्था में अंतिम कक्षा से उत्तीर्ण होने पर ''स्थानांतरण प्रमाण पत्र'' के नाम से कोई शुल्क नहीं लेना चाहिये। ऐसे छात्रों से **'पूर्व छात्र परिषद सदस्यता'** के नाम से राशि ले सकते हैं। जिसका प्रांतीय अंश 25 रु. प्रति छात्र के मान से प्रान्त में भेजना सुनिश्चित करे व उसकी विधिवत पंजी बनाकर रखी जाऐं। पूर्व छात्र परिषद के Allumini पोर्टल पर 15 जुलाई तक विद्यालयों का पंजीयन अनिवार्यतः हो जाये एवं 30 जुलाई तक अंतिम कक्षा के भैया/बहिनों का पंजीयन करना भी सुनिश्चित करें।



E:\Patil July18-19 \Paripatra

## 9. अभिनव प्रज्ञादीप मासिक पत्रिका-

प्रान्त द्वारा प्रकाशित शैक्षिक मासिक पत्रिका अभिनव प्रज्ञादीप की वार्षिक सदस्यता शुल्क 150 रु. निर्धारित है। सदस्यता शुल्क के साथ सदस्यता सूची भी अनिवार्यतः भेजे। अभिनव प्रज्ञादीप पत्रिका का प्रकाशन आचार्य परिवार के शैक्षणिक कार्य में सहायक हो इस हेतु आपके सुझाव आलेख भी आमंत्रित है। पत्रिका की वार्षिक सदस्यता माह जुलाई से जून तक रहेगी।

| | |
|---|---|
| **खाते का नाम -** | **अभिनव प्रज्ञादीप** |
| **खाता क्रमांक -** | **50388935962** |
| **IFSC Code -** | **ALLA0211539** |
| **बैंक का नाम -** | **इलाहाबाद बैंक, माता मंदिर, शाखा भोपाल** |
| Email ID - | pragyadeep01@gmail.com |

## 10. शैक्षणिक गुणवत्ता वर्ष -

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान में सत्र 2019-20 को शैक्षिक गुणवत्ता सत्र के रूप में लिया है इस हेतु विद्यालय की शैक्षिक क्रियाकलापों TLM निर्माण, क्रिया आधारित शिक्षण, प्रयोग आधारित शिक्षण, Project work, के साथ भैया-बहनों का अध्यापन किया जाना अपेक्षित है। अध्यापन का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन गुणवत्ता पूर्ण हो इस हेतु प्रान्त मूल्यांकन की योजना अनुसार मूल्यांकन अभिलेखों का संधारण कर विद्यालय में सुरक्षित रखा जाना सुनिश्चित करें।

## 11. दक्षता सम्वर्धन परीक्षा 2019-20

विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त की योजनानुसार प्रान्त स्तरीय दक्षता संवर्द्धन परीक्षा सत्र 2019-20 को गत सत्रों की भांति आयोजित करने का निश्चिय हुआ है। हमारे आचार्य दीदी, प्राचार्य, प्रधानाचार्य अपेक्षित योग्यता, अनुभव एवं गुणवत्ता तथा शैक्षिक एवं प्रशासनिक कुशलता के साथ अपनी सेवाएं संस्था को नियमित एवं सुचारू रूप से देते रहें इस हेतु से **"दक्षता संवर्द्धन"** परीक्षा का आयोजन दिनांक 14 जुलाई 2019 को सभी विभाग केन्द्र विद्यालयों में किया जाना है।

## 12. वार्षिक साधारण सभा बैठक

स्थानीय पंजीकृत समितियों की वार्षिक साधारण सभा बैठक 30 जून तक सम्पन्न हो गयी होगी। साधारण सभा की कार्यवाही अर्थात् (धारा 27) (धारा 28) की जानकारी 2000 रु. शुल्क ऑन लाईन जमा कर पंजीयक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटी को 45 दिन की अवधि में कार्यवाही भेजना साथ ही समिति की प्रमाणित सूची प्राप्त करने की कार्यवाही पूर्ण करते हुए प्रमाणित प्रति प्राप्त करना चाहिए जिसकी सूचना विभाग समन्वयक एवं प्रान्तीय कार्यालय को दिया जाना उचित होगा।

## 13. 12 A की जानकारी भेजना -

विद्या भारती मध्यभारत प्रान्त की रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी में पंजीकृत समितियाँ जिन्होंने 12 A में पंजीयन करा लिया है उन्हें आयकर में छूट लेने के लिए 30.9.2019 तक अपना आयकर रिटर्न फाईल करना अनिवार्य है। रिटर्न के साथ फार्म 10 बी में आडिट रिपोर्ट भेजी जानी है और यदि कुल आय का 85 प्रतिशत



E:\Patil July18-19 \Paripatra

व्यय नहीं हुआ है तो फार्म 10 भी भेजा जाना है। विस्तृत जानकारी हेतु प्रान्त की वेबसाइट पर पत्र क्रमांक 144/2019 दिनांक 19.06.2019 का अवलोकन करें।

**14. विद्यालय कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण-**

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान से सम्बद्ध अपने सभी विद्यालयों के कार्यालय को कम्प्यूटरीकृत किया जाना है। इस संदर्भ में प्रान्तीय प्रधानाचार्य अभ्यास वर्ग में एक साफ्टवेयर का प्रजेन्टेशन किया गया था। साफ्टवेयर को संचालित करने के लिए विद्यालय स्तर पर कुछ जानकारियां अपने कम्प्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से संकलित की जाना है। जिसमें भैया/बहिनों की जानकारी, समिति की जानकारी, स्कूल पंजीयन की जानकारी, वित्त संबंधित जानकारी शीघ्र पूर्ण करें जिससे जुलाई माह से अपने विद्यालय में समस्त कार्य साफ्टवेयर पर किया जा सके। अधिक जानकारी के लिऐ अपने विभाग समन्वयक से भी चर्चा कर लें। अतिशीघ्र ही विद्यालय के कम्प्यूटर आपरेटर एवं विद्यालय के प्राचार्य/प्रधानाचार्य का प्रशिक्षण आयोजित किया जावेगा।

**15. प्रान्तीय कार्यालय में राशि भेजने हेतु विवरण-**

प्रान्तीय कार्यालय के विभिन्न मदों के खातें आपकी ओर सूचनार्थ हेतु भेजें जा रहे है। संबधित मदों में भेजी जाने वाली राशि निर्धारित खाता संख्या में भेजकर **पावती एवं पत्र प्रान्त एवं विभाग समन्वयक को अवश्य ईमेल** करें।

**सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान के खाते जिसमें राशि भेजी जानी हैं**

| क्र | खाते का नाम | मद का नाम | एकाउन्ट नं. | IFS कोड | शाखा/बैंक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्याभारती पूर्व छात्र परिषद | पूर्व छात्र परिषद | 51951011000203 | IFSC-ORBC0105195 | ओरियन्टल बैंक ऑफ कामर्स शाखा- माता मंदिर भोपाल |
| 2. | सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान | देयांश, खेल, साहित्य अन्य शुल्क | 20601832777 | IFSC-ALLA0211539 | इलाहाबाद बैंक शाखा- माता मंदिर भोपाल |
| 3. | सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, खाता समूह उपादान | प्रधानाचार्य उपादान | 20601836771 | IFSC-ALLA0211539 | इलाहाबाद बैंक शाखा- माता मंदिर भोपाल |
| 4. | भाऊराव देवरस सेवा न्यास | समर्पण | 63014645481 | IFSC-SBIN0030230 | भारतीय स्टेट बैंक शाखा- बरखेड़ी, भोपाल |
| 5. | अभिनव प्रज्ञादीप पत्रिका | अभिनव प्रज्ञादीप पत्रिका | 50388935962 | IFSC-ALLA0211539 | इलाहाबाद बैंक शाखा- माता मंदिर भोपाल |

**16. खेलकूद पंजीयन-**

ऐसी खेल विधाएँ जो जिला, संभाग में न होकर सीधे प्रांत स्तर अथवा उसके ऊपर सम्पन्न होती है उनका पंजीयन कराना आवश्यक है। एथलेटिक्स, कबड्डी एवं खो-खो की प्रतियोगिताओं को छोडकर शेष सभी प्रतियोगिताओं का पंजीयन करना अनिवार्य होगा। यथा जूडो, योग, कुश्ती, बेडमिंटन, टेबलटेनिस, हेण्डबाल, व्हालीबाल, बॉस्केटबाल, फुटबाल, शतरंज तथा इसके अलावा ऐसे सभी खेल जो एस.जी.एफ.आई. की प्रतियोगिताओं में सम्मिलित है उन खेलों का अच्छा अभ्यास अपने विद्यालय में भैया बहिनों का हो उन्हें



E:\Patil July18-19 \Paripatra

प्रतियोगिता में सम्मिलित करवाने के लिए पंजीयन 25 जुलाई 2019 के पूर्व कराना होगा। इसके पश्चात् आये हुये बैंक ड्राफ्ट अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। पंजीयन की राशि प्रति दल 300/- रूपये रहेगी यथा फुटबाल के तीनों वर्गों की टीम यदि आपके विद्यालय से सम्मिलित हो रही है, तो पंजीयन शुल्क 900/- रूपये रहेगा।

निर्धारित प्रारूप में सूची, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान भोपाल के नाम से विकर्ष बनाकर 25 जुलाई 2019 तक प्रांतीय कार्यालय भोपाल भेजना है।

**सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान म.प्र. भोपाल**

**प्रान्तीय खेलकूद पंजीयन हेतु प्रारूप 2019-20**

विद्यालय का नाम ............................. जिला ...................... दूरभाष ................

| क्र. | खेल का नाम | भैया | | | बहिन | | | कुल दल | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बाल | किशोर | तरूण | बाल | किशोर | तरूण | | |
| | | | | | | | | | |
| | महायोग | | | | | | | | |

## प्रान्त के आग्रह बिन्दु-

दिनांक 02 अप्रैल से 05 अप्रैल 2019 तक सरस्वती विद्या मंदिर, हरदा में आयोजित प्रान्तीय योजना बैठक में मान. संगठन मंत्री श्रीमान हितानन्द जी शर्मा ने हम सबके सम्मुख भविष्य की योजना की दृष्टि से इस वर्ष आग्रह के विषय रखे थे। जो निम्नानुसार है, कृपया विद्यालय योजना एवं क्रियान्वयन कर पालन करना सुनिश्चित करें।

**गत वर्ष के आग्रहों के संदर्भ में इस सत्र के आग्रह**

1. प्रत्येक विद्यालय में भौतिक एवं संसाधन विकास
2. प्रत्येक प्रबंध समिति में न्यूनतम 2 महिला सदस्यों की सक्रिय सहभागिता बढ़ाना।
3. प्रत्येक प्रबंध समति में न्यूनतम 3 शैक्षिक दृष्टि वाले सदस्यों को जोड़ना एवं सक्रिय करना।
4. प्रत्येक विद्यालय में शैक्षिक परिषद का गठन करना।
5. भैया/बहिनों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्तर 60 प्रतिशत करना।
6. प्रत्येक विद्यालय में प्रयोग आधारित शिक्षण एवं क्रिया आधारित गतिविधि प्रारम्भ करना।
7. प्रत्येक हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय को स्मार्ट क्लास एवं आई.सी.टी. से जोड़ना (2020 तक प्रत्येक विद्यालय)
8. प्रत्येक हायर सेकेण्डरी विद्यालय में तीनों विषय की प्रयोगशालाएँ एवं हाईस्कूल में एक प्रयोगशाला हो।
9. प्रत्येक विद्यालय में कक्षा पुस्तकालय/विज्ञान किट की व्यवस्था सुनिश्चित करना।
10. प्रत्येक विद्यालय इकाई से न्यूनतम एक संस्कार केन्द्र का आग्रह।
11. प्रत्येक विद्यालय प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ विद्यालय, ऊर्जा बचत, स्वदेशी केन्द्रित बनाने का आग्रह।
12. प्रत्येक विद्यालय में कक्षाशः अभिभावक संगोष्ठी का आग्रह।

E:\Patil July18-19 \Paripatra

**सत्र 2019-20 के आग्रह**

**जिला केन्द्र सशक्तिकरण-** जिला टोली निर्माण, त्रैमासिक बैठकें, कार्यकर्त्ताओं की सक्रियता बढ़ाना

- सभी चयनित विद्यालय एवं जिला केन्द्र विद्यालयों का ''मानक परिषद'' द्वारा Acrediation, उनकी समीक्षा बैठकें एवं उनमें पालक कार्यकर्ता निश्चित करना।
- विद्यालयों को उपक्रमशीलता को जोड़ने का प्रयास जैसे स्वच्छता, जल संरक्षण एवं संवर्द्धन, पर्यावरण सुरक्षा, ऊर्जा संरक्षण जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण।
- **आधारभूत विषय-** आधारभूत विषय एवं अन्य केन्द्रीय विषयों की परिषदों की सक्रियता बढ़ाते हुवे इनके प्रभावी क्रियान्वयन का आग्रह, विद्यालयों में शैक्षिक परिषदों का गठन।
- प्रान्त के 400 से अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों के आंतरिक निरीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सभी चयनित 33 विद्यालयों को 12 A लेने के लिए आग्रह।
- जिन विद्यालयों में ATL है उनकी विशेष कार्ययोजना बनाकर उनके नियमित प्रशिक्षण/बैठकें करना।
- 16 प्रभावी शिशुवाटिका व 06 नमूनारूप शिशुवाटिका को निर्धारित मानकों पर ले जाने का प्रयत्न, उनका नियमित निरीक्षण/ समीक्षा एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।
- प्रारम्भिक शिक्षा के मानकों के आधार पर शिक्षण गुणवत्ता का प्रयत्न।
- गत पाँच वर्षो से जुड़े कार्यकर्त्ताओं की प्रान्त स्तरीय प्रबोधन कार्यशाला का आयोजन।
- **समाजोन्मुखी कार्यकर्ता समूह** की विभाग स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन।
- विद्वत परिषद टोली को विभाग केन्द्र तक सक्रिय करना।
- संस्कृति बोध परियोजना के अन्तर्गत प्रत्येक जिले में कला कार्यशालाओं का आयोजन।
- पूर्व छात्र परिषद पोर्टल पर शत-प्रतिशत विद्यालयों का पंजीयन (जुलाई माह में)
- क्रिया शोध हेतु चयनित विद्यालय के आचार्यो का प्रशिक्षण।
- विद्यालयों के आचार्य एवं भैया/बहिनों को सेवा गतिविधि से जोड़ने का प्रयास।
- सम्पर्क विभाग अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के व्यक्तियों/संस्थाओं की सूची बनाकर सम्पर्क करेंगे।
- ग्राम सम्पर्क एवं बस्ती सम्पर्क योजना को प्रभावी बनाऐंगे।
- प्रचार विभाग की विभाग स्तर पर कार्यशाला का आयोजन
- उपरोक्त कार्य के लिऐ संभावनाशील नवीन कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण
- **जनजाति कार्य-** जनजाति छात्रावासों के भैया/बहिनों के व्यक्तित्व विकास वर्ग लगाऐंगे।
- **संस्कार केन्द्र-** 60 संस्कार केन्द्रों की वृद्धि का लक्ष्य
- विद्यालय को नई तकनीक से जोड़कर उसकी अकादमिक/प्रबंधन/वित्त व्यवस्था को पारदर्शी करने का प्रयास। (Software के माध्यम से)
- अपने सभी विद्यालयों की पहचान ''विद्याभारती के विद्यालय'' के नाते बने इसका लगातार प्रयत्न।
- विकास खण्ड कार्य को पूर्ण करना व नगरपंचायत स्थान पर कोई न कोई गतिविधि की योजना।
- सम्पर्क श्रेणी - पूर्व आचार्य, अभिभावक, निजी विद्यालय, शासकीय विद्यालय, जिला/महानगर केन्द्र पर विभिन्न श्रेणी।
- कार्य विस्तार- ग्राम, मोहल्ला, जाति, वर्ग (सर्व स्पर्शी एवं सर्वव्यापी) सम्पर्क अभियान।
- 24 घंटे का प्रवास- प्रत्येक विद्यालय में न्यूनतम 24 घण्टे का प्रवास सुनिश्चित करना।
- खेल, संगीत, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कम्प्यूटर सामग्री की पूर्ति करना।
- महिला, युवा एवं अभिभावकों की सक्रियता बढ़ाना- वर्ष में 2-3 बार प्रबोधन
- भाषा संरक्षण अभियान एवं समरसता विषय कार्यकर्ताओं का प्रबोधन।



E:\Patil July18-19 \Paripatra

**जिला एवं विभाग केन्द्रित–**

1. प्रत्येक जिला केन्द्र की दस हजार आबादी पर कोई एक गतिविधि हो।
2. प्रत्येक जिले में न्यूनतम एक कौशल विकास केन्द्र।
3. प्रत्येक जिले में शैक्षिक संगोष्ठियों का आयोजन (विद्वत परिषद की सक्रियता) विभाग केन्द्र पर टोली/जिले में संयोजक।
4. प्रत्येक जिले में चार संस्कृति कार्यशाला का आयोजन।
5. पूर्व छात्र परिषद कार्य की जिला स्तर तक सक्रियता।
6. प्रत्येक जिले में चयनित स्थान पर क्रियाशोध गतिविधि प्रारम्भ हो।
7. प्रत्येक जिले में प्रचार एवं सम्पर्क विभाग की सक्रियता बढ़ाना।

## सामान्य पथ्य

सामान्य पथ्य जिनका पालन सुनिश्चित करना–

1. विद्यालय समय में आचार्य /स्टाफ एवं भैया/बहिन मोबाईल का उपयोग न करें।
2. प्रधानाचार्य कक्ष में मान्यता प्रमाण पत्र एवं अपने जिले का नक्शा लगाना चाहिए।
3. विद्यालय परिवार वंदना के समय प्रतिदिन गणवेश में ही सम्मिलित हो।
4. प्रबंध समिति के बन्धु विद्यालय समय में शुभ्रवेश में आगमन हो तो उचित होगा।
5. अपेक्षित विद्यालयों में EPF एवं ESIC योजना अनिवार्य करना चाहिए।
6. विद्यालय की दीवार पर Staff Setup एवं शुल्क संरचना प्रदर्शित करें।
7. प्रत्येक विद्यालय में इन्टरनेट व्यवस्था युक्त कम्प्यूटर एवं यथा संभव आपरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित हो।
8. बायोमेट्रिक उपस्थिति मशीन एवं सुरक्षा की दृष्टि से सी.सी.टी.वी. केमरा की व्यवस्था करना उचित रहता है।
9. अद्यतन तकनीकि के अन्तर्गत स्मार्टक्लास 10, 12वीं वाले विद्यालय में होना चाहिए।
10. सभी प्रधानाचार्य को दो शिक्षण कालांश लेना अनिवार्य है। इसका समय सारणी में अवश्य उल्लेख करना चाहिए।

आशा है उपरोक्त विषय एवं आग्रह बिन्दुओं के आधार पर संस्था के कार्य को गति प्रदान करेंगे। इसी आशा व अपेक्षा के साथ समस्त बंधु/भगिनी को यथा योग्य नमस्कार।

**(मोहनलाल गुप्ता)**
**प्रादेशिक सचिव**

**प्रतिलिपिः–**

1. मार्गदर्शक/अध्यक्ष/मंत्री/संगठन मंत्री, विद्याभारती मध्यक्षेत्र को सूचनार्थ।
2. सदस्यगण प्रबंध कार्यकारिणी समिति, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान को सूचनार्थ।
3. प्रांत प्रमुख, ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्यभारत प्रांत को सूचनार्थ।
4. समस्त विभाग समन्वयक/जिला प्रतिनिधि मध्यभारत प्रांत को सूचनार्थ।
5. श्रीमान सचिव/संगठन मंत्री, मालवा/महाकोशल/छत्तीसगढ़ प्रांत को सूचनार्थ।
6. विभाग समन्वयक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य/व्यवस्थापक समस्त विभाग को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

**(मोहनलाल गुप्ता)**
**प्रादेशिक सचिव**

E:\Patil July18-19 \Paripatra